THE

AMBADAS CHAWARE

DIGAMBARA JAINA GRANTHAMALA

OR

Karanja Jaina Series

Edited-

With the Cooperation of Various scholars

By—

Hiralal Jain, M. A., LL. B.,
King Edward College, Amraoti.

Volume II.

Published by—

Karanja Jaina Publication Society,
Karanja, Berar, India.

Savayadhammadoha

An Apabhramsa work of the 10th century.

Critically edited

With Introduction, Translation, Glossary, Notes and Index

By

Hiralal Jain, M. A., LL. B.,
Asstt Professor of Sanskrit,
King Edward College, Amraoti;
Sometime Research Scholar, Allahabad University.

1932.

एहु धम्मु जो आयरइ बंभणु सुद्दु वि कोइ ।
सो सावउ किं सावयहं अण्णु कि सिरि मणि होइ ॥७६॥

प्राक्कथन

प्रस्तुत ग्रन्थ के दर्शन प्रथम बार मुझे सन् १९२४ में कारंजा के सेनगण भण्डार में हुए थे और उस प्रति पर से इस ग्रन्थ का परिचय सन् १९२६ में प्रकाशित Catalogue of Sanskrit and Prakrit Mss in C P. & Berar में दिया गया था। उस परिचय से कई विद्वानों का ध्यान इस ग्रन्थ की ओर आकर्षित हुआ और उसे प्रकाशित कराने के लिये मुझ पर आग्रह होने लगा। किन्तु एक ही प्रति परसे इस का सम्पादन करने का मुझे साहस नहीं हुआ, इससे ठहरना पड़ा। अगले वर्ष इस ग्रन्थमाला की नींव डाली गई और तबसे ग्रन्थ की अन्य पोथियों की खोज में विशेषरूप से प्रयत्नशील होना पड़ा। सन् १९३० में हिन्दुस्तानी एकाडेमी, यू. पी., के अध्यक्ष श्रीयुक्त डॉ ताराचन्दजी एम.ए., डी. फिल, ने इस ग्रन्थ को देखने की इच्छा प्रकट की। किन्तु उस समय तक हमारे हाथ में इसकी उपर्युक्त एक ही वही प्रति थी और उसकी प्रथम कापी तैयार की जा रही थी इससे वह भेजी नहीं जा सकी। धीरे धीरे अन्य प्रतियों का पता चला और उसी अनुसार इसका संशोधन होता गया। अबतक हमें इसकी ग्यारह पोथियों का पता चला है जिनका परिचय 'संशोधन सामग्री' में कराया गया है।

पहले हमारा विचार ग्रन्थमाला के अन्य ग्रन्थों के सदृश इसका सम्पादन भी अंग्रेजी में करने का था। किन्तु अनेक मित्रों व ग्रंथमाला के सहायकों का आग्रह हुआ कि अपभ्रंश भाषा के कुछ ग्रन्थ हिन्दी में भी सम्पादित होना चाहिये ता कि हिन्दी संसार में उक्त दोनों भाषाओं का सम्बन्ध स्पष्ट रूप से झलक जावे। तदनुसार इस ग्रन्थ का सम्पादन हिन्दी में करने का निश्चय हुआ। आगे प्रकाशित होने वाले ग्रन्थों में भी अनेक ग्रन्थों का हिन्दी में सम्पादन करने का विचार है।

माला को सफल बनाने में आप बहुत कुछ कारणीभूत हुए हैं जैसा कि हम प्रथम ग्रंथ की प्रस्तावना में कह चुके हैं।

मान्यवर गोपाल अम्बादासजी चवरे, कारंजा, इस ग्रन्थ-माला के जीवनाधार हैं। आपकी प्राचीन जैन साहित्य को उत्तम ढंग से प्रकाशित देखने की बड़ी उत्कण्ठा है। आपकी ही प्रेरणा से हमें इस कार्य में विशेष उत्साह हुआ है। आपका उपकार चिरस्मरणीय है।

सरस्वती प्रेस अमरावती, के मैनेजर श्रीयुक्त टी. एम. पाटील तथा प्रेस के अन्य कर्मचारियों ने इस ग्रन्थ को छापने में बड़ी रुचि और सावधानी दिखाई है इसके लिये मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूं।

इस ग्रन्थमाला का प्रधान उद्देश्य प्राचीन जैन साहित्य को इस ढंग से प्रकाशित करने का है कि जिससे साहित्यिक दार्शनिक व ऐतिहासिक खोज में विशेष सहायता पहुंचे। यह हम माला के प्रथम ग्रन्थ में ही प्रकट कर चुके हैं। यदि उस उद्देश्य की प्रस्तुत ग्रन्थ द्वारा किसी अंश में पूर्ति हुई तो हम व हमारा मण्डल अपने प्रयास को सफल समझेंगे। उसी दिशा में किसी प्रकार की कमी व त्रुटि की पूर्ति के सम्बन्ध में हमारे विद्वान् पाठक जो सम्मति प्रदान करने की कृपा करेंगे उसका हार्दिक स्वागत किया जायगा।

किंग एडवर्ड कालेज,
अमरावती
अनन्त चतुर्दशी, वि. सं. १९८९.

हीरालाल

विषयसूची

> प्रारम्भ–ॐ नमः श्री पार्श्वनाथाय ह्रीं धरणेन्द्रपद्मावतीसहिताय।
>
> अन्त–इय दोहाबद्धवयधम्मं देवसेनें उवदिट्ठु ।
>
> लहुअक्खरमत्ताहीयमो पय सयण खमंतु ॥
>
> इय दोहाबद्धसावयधम्मसम्मत्ते लिखितमिदं अनन्तकीर्तिन संवत् १७८० कुवार वदि १४ हृदयनगरमध्यात् लिखितमिदं ।

इसमें कुल दोहों की संख्या २३५ है और एक संस्कृत श्लोक 'उक्तं च' रूप से उद्धृत किया गया है (परिशिष्ट देखिये)। इसके पाठ अ. प्रति से अधिक मिलते हैं।

ज. प्रति जयपुर के तेरापन्थी मंदिर की है। पत्रसंख्या– ११, आकार– १०½″ × ४½″; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ– १३, वर्ण प्रति पंक्ति– लगभग ३५; हाँसिया ऊपर नीचे–½″; दाँये बाँये–१½″.

> प्रारम्भ– श्री जिनाय नमः ।
>
> अन्त— इति श्री श्रावकाचारदोहकं समाप्तं ।

इसमें कुल दोहों की संख्या २२३ है। दोहा नं. २१९ नहीं है। नंबर देने में त्रुटि के कारण प्रति के अन्तिम दोहे पर नं. २२१ आया है।

द. प्रति पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर, देहली, की है। पत्रसंख्या ११, आकार–११¾″×५″; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ–९ से ११ तक, वर्ण प्रति पंक्ति–लगभग ३९, हाँसिया ऊपर नीचे–¾″, दाँये बाँये– १″ दोहों की संख्या २१४.

> प्रारम्भ– ॐ नमो वीतरागाय ।
>
> अन्त–इति श्रावकाचारदोहक समाप्तम् ।
>
> अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्री नृपतिविक्रमादित्यराज्ये संवत् १६०१ वर्षे । श्रावण वदि ११ शुक्रवारे । मूलतारानक्षत्रे । श्रवण

ही गुटके में बंधी हुई हैं। इन प्रतियों को हमने नहीं देख पाया। उनका परिचय हमें हमारे मित्र श्रीयुक्त ए. एन. उपाध्ये, एम. ए., अर्धमागधी प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापुर, के एक पत्र से प्राप्त हुआ है।

२ ग्रन्थकर्ता

यह ग्रन्थ किसका बनाया हुआ है यह प्रश्न बड़ा जटिल है। ग्रन्थ के मूलभाग में कर्ता का कहीं, कोई, किसी प्रकार का भी उल्लेख नहीं पाया जाता। किन्तु जिन हस्तलिखित प्रतियों का ऊपर परिचय दिया गया है उनमें से अनेक के अन्त में ग्रन्थसमाप्तिसूचक वाक्यों में ग्रन्थकर्ता का नामोल्लेख किया गया है। हम यहां इन्हीं उल्लेखों की सूक्ष्म जांच कर सच्चे ग्रन्थकर्ता के पता लगाने का प्रयत्न करेंगे।

जैन पोथी (प; भ. प्र १.) में यह ग्रन्थ लक्ष्मीचन्द्रकृत या विरचित कहा गया है। विद्यानन्दि के शिष्य श्रुतसागर कृत षट्प्राभृत टीका में इस ग्रन्थ के आठ दोहे उद्धृत किये गये हैं और दो स्थानों पर उन दोहों के कर्ता स्पष्ट रूप से लक्ष्मीचन्द्र या लक्ष्मीधर कहे गये हैं- 'तथा चोक्तं लक्ष्मीचन्द्रेण गुरुणा', 'तथा चोक्तं लक्ष्मीधरेण भगवता'। कहने की आवश्यकता नहीं कि ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के बोधक हैं। इससे भी उक्त प्रतियों के कथन की पुष्टि होती है। षट्प्राभृतटीका की प्रकाशित पुस्तक की भूमिका में जो श्रुतसागर का परिचय दिया गया है उससे ज्ञात होता है कि लक्ष्मीचन्द्रजी उनके समसामयिक थे तथा उनकी गुरुपरम्परा इस प्रकार थी- विद्यानन्दि- मल्लिभूषण- लक्ष्मीचन्द्र। उनकी एक चेली ने श्रुतसागर कृत 'महाभिषेकभाष्य' को अपने हाथ से लिखकर संवत् १५८२ में पूरा किया था। इन उल्लेखों से ऐसा प्रतीत होता है कि लक्ष्मी-चन्द्र ही प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता थे, तथा वे संवत् १५८२ के लगभग हुए हैं।

किन्तु भ. प्रति में जो अन्तिम श्लोक है उससे इस कथन की सत्यता में सन्देह उपस्थित हो जाता है। इस श्लोक में प्रस्तुत ग्रन्थ के साथ

८६ दाणु कुपत्तहं दोसडइ
बोलिज्जइ णहु भंति ।
पत्थरु पत्थरणाव कहिं
दीसइ उत्तारंति ॥

११२ गमणट्ठियहं तरंडउ वि
भइव ण पावइ पारु ।

२२१ लोहकडि कुसातरणि
णाव वियारिय तेण ।

८९ काइं बहुत्तइं संपयइं
जइ किविणहं घरि होइ ।

९१ जो घरि हुंतई धणकणइं
मुणिहिं कुभोयणु देइ ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ
पुट्ठि ण तहु छंडेइ ॥

९६ उत्तमाइं भोयणगिरिहिं

९७ घरि घरि दसु कणयरु जहिं
ते पुरिहिं अहिलासु ।

१११ जम्मि मुम्बइ भत्तडउ
छिज्जइ संवरेण ।

५४७ पत्थरमया वि दोणी
पत्थरमप्पाणयं च बोलेइ ।
जह तह कुच्छियपत्तं
संसारे चेव बोलेइ ॥

१८७ जह पाहाणतरंडे
लग्गो पुरिसो हु तीरणी तोए
बुड्डइ विगयाधारो...

५४९ लोहमए कुतरंडे
लग्गो पुरिसो हु तीरणीरे ।

५५९ किविणेण संचयधण
ण होइ उवयारियं जहा तस्स ।

५३६ जो पुण हुंतइं धणकणइं
मुणिहिं कुभोयणु देइ ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ
पुट्ठि ण तहो छंडेइ ॥

५८७ पुण्णवलेणुब्भवड
कइमवि पुरिसो य भोयभूमीसु
भुंजेइ तत्थ भोए
दहकप्पतरुब्भवे दिव्वे ॥

५९१ पावइ दसप्पयारा
किमियं दिंति मणुयाणं ।

१० मज्जइ जलेण सुद्धि
२० को इह जलेण सुज्झइ
२१ जंता वि ते ण सुद्धा
२४ किं कुणइ तेसु जन्नं

किसी किसी विषय का एक ग्रन्थ में उल्लेख मात्र तथा दूसरे में उसका पूरा विवरण मिलता है, जिससे ये दोनों ग्रन्थ एक दूसरे के परिपूरक से ज्ञात होते हैं; जैसे–

१. अष्टमूलगुण व बारह व्रत का भावसंग्रह की ३५२ व ३५६ वीं गाथाओं में उल्लेख मात्र है। सावयधम्म के १० से ५२ तक के ४३ दोहों में इन्हीं का सविस्तर वर्णन है।

२. भावसंग्रह की ३७५ वीं गाथा में तीर्थंकर के अष्ट प्रातिहार्य का उल्लेख मात्र है। सावयधम्म में उन आठों का आठ दोहों (१७०–१७७) में काव्य की रीति से वर्णन है।

३. सावयधम्म के २१२ वें दोहे में सिद्धचक्र की स्थापना का बहुत सूक्ष्म उल्लेख है। इसी विषय का भावसंग्रह की ४४३–४५६ गाथाओं में बहुत विशद वर्णन है।

इस प्रकार इन दोनों ग्रन्थों में एक ही कर्ता का हाथ दिखाई देता है। विशेषतः सावयधम्म का जो ९३ वां दोहा भावसंग्रह के ५१९ नं० पर जैसा का तैसा पाया जाता है उससे इस विषय में बहुत कम सन्देह रह जाता है। भावसंग्रह जिन दो हस्तलिखित प्रतियों पर से छपाया गया है उनमें से एक प्रति में यह दोहा 'उक्तं च' करके पाया गया है। किन्तु अधिक पुरानी प्रति में 'उक्तं च' शब्द नहीं है। यदि 'उक्तं च' शब्द मूल के ही मान लिये जांय तो इससे यही सिद्ध होता है कि सावयधम्म की रचना भावसंग्रह से पूर्व हो चुकी थी और कर्ता ने उस दोहे को यहां प्रसंगोपयोगी जान उद्धृत कर दिया। ऐसी प्रवृत्ति देवसेनजी के अन्य ग्रन्थों में भी पाई जाती है। इसी भावसंग्रह में उनके दर्शनसार की अनेक गाथायें आई हैं। उक्त दोहे को प्रक्षिप्त मानने का न तो कोई प्रमाण है और न कोई कारण।

एक और बात है जो प्रस्तुत ग्रन्थ को देवसेनकृत स्वीकार करने में बहुत सहायता पहुंचाती है। देवसेनकृत जिन ग्रन्थों का उल्लेख हम ऊपर कर

यदि उक्त गाथाओं का यही ठीक मतलब हो तो इससे अनेक बातें ज्ञात होती हैं। एक तो यह कि दोहा छंद का आविष्कार उस समय हो गया था और पंडित मंडली में वह हेय दृष्टि से देखा जाता था। दूसरी यह कि देवसेन को इस छंद में ग्रन्थरचना करने की रुचि थी। उनके भावसंग्रह में ही पांच पद्य अपभ्रंश भाषा के दोहा छंद के पाये जाते हैं और शेष भाग में भी अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रभाव दिखता है। नयचक्र का विषय परिपूर्ण न्याय था। अतः 'शुभंकर' के कुचक्र से उसका दोहाबन्द का नाश कर दिया गया। किन्तु सावयधम्म साधारण गृहस्थों के लिये लिखा गया था इससे वह उस कुचक्र से बच गया।

सौभाग्य से देवसेनजी के समय व देश के सम्बन्ध में कोई अंधेरा नहीं है। उन्होंने अपने दर्शनसार ग्रन्थ के अन्त में स्पष्ट रूप से कह रक्खा है कि उन्होंने इस ग्रन्थ की रचना धारा नगरी के पार्श्वनाथ मंदिर में बैठकर संवत् ९९० की माघ सुदि १० मी को समाप्त की। यथा—

> ' पुव्वायरियकयाइं गाहाइं संचिऊण एयत्थ।
> सिरिदेवसेणगणिणा धाराए संवसंतेण ॥ ४९ ॥
>
> रइओ दंसणसारो हारो भव्वाण णवसए णवए।
> सिरि पासणाहगेहे सुविसुद्धे माहसुद्धदसमीए ॥ ५० ॥

धारा नगरी व मालवा प्रान्त में सदैव विक्रम संवत् का प्रचार रहा है तथा दर्शनसार में अन्यत्र जहां जहां संवत् का उल्लेख आया है वहां कर्ता ने स्पष्टतः 'विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स' ऐसा कहा है। इससे उपरोक्त संवत् के भी विक्रम संवत् होने में कोई संदेह को स्थान नहीं है। धारानगरी विद्वानों के जुटाव के लिये प्राचीन काल में प्रसिद्ध ही रही है। प्राकृत भाषा का भी यहां अच्छा पठन होता रहा है। उपलब्ध प्राचीनतम प्राकृत कोष 'पाइयलच्छी– नाम– माला' की रचना भी जैन कवि धनपाल ने

विक्रम संवत् १०२९ में यहीं की थी व यहीं के निवासी प्रभाचन्द्र पंडित ने विक्रम संवत् १११२ के आसपास पुष्पदन्त के अपभ्रंश काव्यों पर टिप्पण लिखे थे। (देखो णायकुमारचरिउ, भूमिका)।

अतः सिद्ध हुआ कि प्रस्तुत सावयधम्मदोहा के कर्ता देवसेन हैं, उनकी रचना विक्रम संवत् ९९० के लगभग मालवा प्रान्त की धारा नगरी में हुई है तथा यह ग्रन्थ दोहा छंद का एक प्राचीनतम उदाहरण है।

३ ग्रन्थ का नाम, प्रचार, टीकाटिप्पनी व परम्परा.

इस ग्रन्थ का विषय श्रावकों का धर्म व आचार है। इस विषय के जैन ग्रन्थों का नाम प्रायः श्रावकाचार व उपासकाचार ही रक्खा जाता है। तदनुसार ही प्रस्तुत ग्रन्थ अधिकांश पोथियों में ' श्रावकाचार दोहक ' या ' उपासकाचार ' कहा गया है। किन्तु मूल ग्रन्थ में यह नाम कहीं नहीं पाया जाता। ' श्रावकाचार ' शब्द तक मूल ग्रन्थ में कहीं नहीं आया। ग्रन्थकर्ता ने प्रथम ही दोहे में इसे ' सावयधम्म ' कहा है व अन्त में (२२९ वां दोहा) इसे ' धम्मधेणु संदोहयं ' ' दोहों की धर्मधेनु ' कहा है। क. प्रति में ग्रन्थ का नाम ' दोहाबद्ध सावयधम्म ' दिया गया है। यही नाम कर्ता को अभीष्ट ज्ञात होता है। तदनुसार ही प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम ' सावयधम्म-दोहा ' रक्खा गया है।

जान पड़ता है गत शताब्दियों में इस ग्रन्थ का खूब अच्छा प्रचार रहा है, इसी से इसकी हस्तलिखित प्रतियां दिल्ली, आगरा, जयपुर, कारंजा व पूना में पाई गई हैं। कई प्राचीन लेखकों ने इसके सुंदर दोहे अपनी कृतियों में उद्धृत किये हैं। ' दोहा पाहुड* ' में इसका एक दोहा (२११) पाया जाता है। श्रुतसागर ने अपनी षट्प्राभृत टीका में इसके आठ दोहे (१०५, १०९-

---

* यह ग्रन्थ भी अपभ्रंश दोहों में है। शीघ्र ही इस ग्रन्थमाला से प्रकाशित करने का प्रबन्ध हो रहा है।

कह देना आवश्यक प्रतीत होता है कि यदि इसके कर्ता प्रभाचन्द्र नामधारी ही थे तो वे पुष्पदन्त के अपभ्रंश काव्यों पर टिप्पण लिखने वाले वे प्रभाचन्द्र नही हो सकते जिनका हम ऊपर उल्लेख कर आये हैं। प्रभाचन्द्र नामके अनेक मुनि और कर्ता हुए हैं (देखो 'रत्नकरण्ड श्रावकाचार भूमिका पंडित जुगलकिशोर मुख्तार कृत, व जैनशिलालेखसंग्रह भाग १)। यह कृति कोई बहुत प्राचीन ज्ञात नही होती।

अब प्रश्न यह है कि इन दोहों की लक्ष्मीचन्द्रकृत 'पंजिका' कौनसी है। हमारा अनुमान है कि जो टिप्पण प. प्रति पर पाया जाता है वही यह पंजिका है। उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार टिप्पण और पंजिका में कोई बड़ा भेद ज्ञात नही होता।

अब हम पूर्वोक्त पोथियों की विशेषताओं पर से इस ग्रन्थ की परम्परा का कुछ अनुमान कर सकते हैं। देवसेनकृत मूल ग्रन्थ वि सं. ९९० के लगभग तैयार हुआ। आगामी पांच सौ वर्षों में इसकी तीन प्रकार की प्रतियां प्रचलित होगई। एक में कर्ता का नाम देवसेन पाया जाता था इसलिये हम इसे दे. प्रति कहेंगे। इसी पर से ह. अर्थात् हृदयनगर की वह प्रति तैयार हुई जिसमें ग्यारह दोहे और जुड़ गये तथा जिसपर से संवत् १७८० में हमारी क. प्रति तैयार हुई। दूसरी प्रति में परमात्मप्रकाश की भाषा व छन्द के साम्य पर से ग्रन्थ के कर्ता का नाम योगीन्द्रदेव जुड़ गया था। इसमें दोहों की संख्या २२४ थी। इसे हम यो. कहेंगे। इसी पर से हमारी अ. प्रति तैयार हुई होगी। हम कह चुके हैं कि अ. प्रति के पाठ क से बहुत कुछ मिलते हैं अतएव इसका ह. से भी कुछ सम्बन्ध ज्ञात होता है। तीसरी प्रति में दोहों की संख्या २२३ या २२४ थी किन्तु कर्ता का नाम कोई भी नही पाया जाता था इसे हम वि. प्रति कहेंगे। इस पर से हमारी पांच प्रतियां (अ, प, द, प २ और भ २) तैयार हुई प्रतीत होती हैं। प. प्रति गुजरात में मल्लिभूषण के शिष्य लक्ष्मण ने सं. १५५५ में लिखाई। आगे चलकर ये ही लक्ष्मण लक्ष्मीचन्द्रके नाम से मल्लिभूषण के उत्तराधिकारी

हुए। म. प्रति के अनुसार उन्होंने इस ग्रंथ की पंजिका बनाई जो प. प्रति पर का टिप्पण ही ज्ञात होता है।

हमारा अनुमान है कि म. प्रति वाले तीन अधिक दोहे भी लक्ष्मीचन्द्रजी के ही बनाये हुए हैं। इस प्रकार उनकी तैयार की हुई (ल.) प्रति में २२७ दोहे होगये, जिस पर से २२७ दोहों वाली हमारी तीन प्रतियां [म १, प ३, प ४] तैयार हुईं। म. प्रति में तीन अधिक दोहे हैं, योगीन्द्रदेव मूल ग्रन्थकार कहे गये हैं तथा २१९ वां दोहा नहीं है। अतः उसका सम्बन्ध ल. अ. और थ. तीन प्रतियों से था। इस परम्परा को हम वृक्ष द्वारा और भी स्पष्टता से व्यक्त कर सकते हैं। जिन प्रतियों के नाम के साथ * यह चिन्ह है वे अबतक मिली नहीं हैं।

एक प्रश्न और है जिस पर भी यहां कुछ विचार कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है। दोहा नं. २२२ में जो कुछ कहा गया है उससे ज्ञात होता है कि उसके ऊपर के दोहों की संख्या मूलतः २२० थी। यद्यपि अ. प्रति में 'विसुत्तरइं' की जगह 'बावीसुत्तरइं' पाठ है पर वह स्पष्टतः कल्पित है। अब प्रश्न यह है कि वह कौन सा दोहा है जो मूल में नहीं था तथा जिसके कारण हमारे दोहों की संख्या २२० की जगह २२१ होगई है। जैसा ऊपर कह आये हैं, ज. और भ. प्रतियों में दोहा नं. २१९ नहीं है। क्या वही दोहा पीछे का जोड़ा हुआ है? वह दोहा इतना सुन्दर तथा ग्रंथकार की शैली के इतना अनुकूल है कि उसे प्रक्षिप्त मानने को जी नहीं चाहता यद्यपि दोहा नं. २२१ की प्रथम पंक्ति प्रायः वही होने से यह भी संभव जान पड़ता है कि वह प्रक्षिप्त हो। इसका यथार्थ निर्णय कर निकालना बड़ा कठिन है और इसकी कोई बड़ी आवश्यकता भी प्रतीत नहीं होती। भर्तृहरि आदि कृत शतकों में प्रायः सौ से अधिक ही दोहे पाये जाते हैं।

४ भाषा और व्याकरण.

प्रस्तुत ग्रन्थ धार्मिक उपदेश तथा सूक्ति की दृष्टि से तो सुन्दर है ही पर उसका और भी विशेष महत्व उसकी भाषा में है। जैन भंडारों की सूचियों में इस भाषा के ग्रन्थ प्रायः 'मागधी भाषा' के नाम से दर्ज किए हुए मिलते हैं किन्तु यह भाषा न तो मागधी है और न अन्य शौरसेनी आदि प्राचीन प्राकृत। किन्तु इन प्राकृतों ने प्रचलित देशी भाषाओं के पूर्व जो रूप धारण किया था वही इन ग्रन्थों में पाया जाता है। यह उनका विकसित या अपभ्रष्ट रूप है और इसी से इस भाषा का नाम अपभ्रंश या अवहट्ठ पड़ा। प्राकृत व अपभ्रंश भाषायें समय समय पर जनसाधारण की भाषायें रही हैं और इसीलिये वे अपने अपने समय में संस्कृत से भी अधिक मधुर और प्रिय गिनी जाती थीं। कर्पूरमंजरी के कर्ता राजशेखर

को संस्कृत और प्राकृत की रचना के माधुर्य में उतना ही अन्तर दिख
जितना पुरुषों की कर्कशता और स्त्रियों की सुकुमारता में। उन्होंने कहा

परुसा सक्कअबंधा पाउअबंधो वि होइ सुउमारो।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणम्॥

[कर्पूर- १, ८

विद्यापति ठक्कुर को देशी अर्थात् अपभ्रंश भाषा माधुर्य में
व प्राकृत दोनों से बढ़ी चढ़ी दिखने लगी थी। उन्होंने अपनी 'कीर्ति
में कहा है—

सक्कअवाणी बहुअ न भावइ
पाउअ रस को मम्म न पावइ।
देसिलवअना सब जन मिट्ठा
तें तैसन जम्पओ अवहट्ठा॥

१०. वीं ११ वीं शताब्दि के लगभग यही भाषा समस्त
भारत में प्रचलित थी किन्तु देश भेद के अनुसार उसमें भेद थे।
ग्रन्थ मालवा प्रान्त में लिखा गया है अतएव इसमें पश्चिम देश की अ
भाषा पाई जाती है जिसका व्याकरण हेमचन्द्राचार्य ने अपनी प्राकृत
रण में अपनी शाह, सूत्र उदाहरणों सहित, दिया है। हमने 'भवि
चरिउ' की भूमिका में इस भाषा के व्याकरण का सविस्तार परिचय
है, किन्तु प्रस्तुत ग्रन्थ के पठन पाठन की सुविधा के लिये इसी ग्रन्थ
कुछ व्याकरण यहां भी दिया जाता है।

हिन्दी भाषा के साहित्य व इतिहास में इस भाषा के
क्या स्थान है यह प्रगट करने के लिये हिन्दी साहित्य के तीन प्रवर्तक
—पृथ्वीराजरासो, पद्मावत और रामायण—से इसकी कुछ
से यहां तुलना की जाती है—

१. कीर्तिलता में मैथिल देश का अपभ्रंश है जो मागधी प्राकृत से निकला हुआ है अत: उसमें न, श और ष, वर्ण तथा प्र, द्र आदि संयुक्ताक्षर पाये जाते हैं। सावयधम्म का अपभ्रंश महाराष्ट्री प्राकृत का है अत उसमें इन वर्णों का अभाव है।

२. कीर्तिलता में शब्दों के बीच में आये हुए अल्पप्राण वर्णों–क, ग, च, ज आदि– का बहुधा लोप नहीं हुआ। सावयधम्म में अधिकतर हुआ है और उनके स्थान पर कहीं कहीं य श्रुति पाई जाती है।

३. कीर्तिलता में परसर्गों का बहुत सूक्ष्म प्रादुर्भाव हुआ दिखाई देता है और प्राकृत विभक्तियां प्राय उड गई हैं। वीसलदेवरासो व पृथ्वीराजरासो में कहीं कहीं परसर्ग और कहीं कहीं संयोगात्मक विभक्तिरूप, प्रायः दोनों अवस्थायें पाई जाती हैं। सावयधम्म में विभक्तियां कायम हैं यद्यपि उनकी जड़ उखड़ चली है। किन्तु परसर्ग का विकाश केवल षष्ठी के साथ 'तण', व सप्तमी के बोध के लिये 'मज्झि' में कुछ २ दिखाई देता है।

४. उक्त तीनों ग्रन्थों में मुसलमानी भाषा के संसर्ग का प्रभाव है जैसा कि चन्द वरदाई ने स्पष्टरूप से स्वीकार किया है—

'षट् भाषा पुराणं च कुरानं कथितं मया।'

प्रस्तुत ग्रन्थ में मुसलमानी संसर्ग की गंध तक नहीं है। उसमें पुराण खूब है कुरान बिलकुल नहीं।

अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थ का अनुवाद करने में मुझे एक और बात का अनुभव हुआ जिसे यहां प्रकट कर देना उचित जान पड़ता है। संस्कृत के अनेक क्रियापद ऐसे हैं जो अपभ्रंश में पाये जाते हैं और ब्रजभाषा आदि पुरानी हिन्दी में भी बहुत कुछ प्रचलित थे किन्तु जो प्रचलित खड़ी बोली में से लुप्त होगये हैं। उनका अर्थ व्यक्त करने के लिये अब हमें उनके मूलक्रिक कृदन्त व विशेषण या संज्ञायें बनाकर 'होना' व 'करना' क्रिया के साथ उनका उपयोग करना पड़ता है। उदाहरणार्थ—

संस्कृत	अपभ्रंश	पुरानी हिन्दी	प्रचलित रूप
नमति	णमइ	नमता है	नमन करता है
नश्यति	णासइ	नसता है	नष्ट होता है
प्रकाशते	पयासइ	प्रकाशता है	प्रकाशित होता है
मलिनायते	मइलेइ	मैलता है	मैला होता है
भक्षति	भक्खइ	भखता है	भक्षण करता है
धारयति	धारइ	धारता है	धारण करता है
प्रकटयति	पयडइ	प्रकटता है	प्रकट होता है।

ऐसे उदाहरण अनन्त हैं। यह मुझे भाषा में उन्नति की जगह अवनति का लक्षण दिखता है। क्रियाओं का क्षेत्र घटना नहीं बढ़ना चाहिये था। मेरी समझ में ऐसे क्रियापदों का हिन्दी में प्रयोग प्रारंभना चाहिये।

व्याकरण

१. सावयधम्म की अपभ्रंश भाषा में देवनागरी वर्णमाला के स्वरों में ऋ, ऐ व औ तथा व्यञ्जनों में ङ, ञ, श और ष को छोड़ कर शेष सब वर्ण पाये जाते हैं। न की स्थिति कुछ अनिश्चित सी दिखती है। अधिकत. उसके स्थान पर ण ही मिलता है। प्रस्तुत संस्करण में सर्वत्र ण ही रखा गया है।

उपर्युक्त वर्णों के स्थान में निम्न लिखित आदेश होते हैं।

ऋ के स्थान में अ, इ उ या रि। यथा, कय-कृत, घय-घृत, अमिअ-अमृत, किविण-कृपण, घिय-घृत, मुअ-मृत, रिसि-ऋषि इत्यादि.

ऐ के स्थान में इ, यथा, विआवच्च-वैयावृत्य.

औ के स्थान में ओ या अउ। यथा, ओसह-औषध, चोर-चौर, मउण-मौन।

सम्प्रदान	हु	णरयहु, गोत्तहु, तिरियगहु.	हं	पणइं, भोयइं, भोगइं.
	हि	मुणिहि.		
अपादान	हु	पावहु.	हं	दंसुवाइं.
सम्बन्ध	हु	जुयहु, तिमिरहु	हं	जोरहं, वणयाइं,
	हि, हिं	सुरिंहि, समिरिहि, गणिहिं.		कायइं, पंथाइं.
अधिकरण	इ	जगि, मणुयम्मि, अंभाइं, सोइ, घरि.	इं	सारयाइं, गुरुइं.
सम्बोधन	अ	जिय, वड, णिउण.		

आकारान्त व ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्द बहुधा ह्रस्वान्त कर दिये जाते हैं, यथा, दय-दया, कह-कथा, वेयण-वेदना, भेरि-भेरी.

> किन्तु वेसा, चोरी इत्यादि भी पाये जाते हैं। कर्ता व कर्म कारक में ये प्रकृतरूप ही रहते हैं। शेष कारकों में पुलिंग से कोई बड़ी विशेषता नहीं पाई जाती।

नपुंसक लिंग का लोप सा होता हुआ दिखता है। शेष कारकों में तो इनका कोई विशेष चिह्न दिखाई नहीं पड़ता पर कहीं कहीं कर्ता बहुवचन में ये पहिचान पड़ते हैं, यथा, वराणइं, सिक्खावयइं.

३. सर्वनाम

कर्ता	हउ (अहम्, मैं हूं), कोइ, सोइ, सो, ज तं (नपुं) एहु, एहो, एउ
कर्म	जं, तं.
करण	पइं (त्वया, तूने), जेण, तेण.
सम्प्रदान	पइं (तुभ्यम्, तुझको), तहु.
सम्बन्ध	जसु, तासु, ताहं.

४. संख्यावाचक

संख्यावाचक	पूरणार्थक
१ एक्क	पढमउ, पहिलउ
२ दुण्णि, बिण्णि	बीयउ, बिदिउ.
३ तिण्णि	तिज्जउ
४ चयारि	चउत्थु
५ पंच	पंचमु
६ छह	छट्ठउ
७ सत्त	सत्तमु
८ अट्ठ	अट्ठमु
९ णव	णवमउ
१० दस	दसमउ
११ एयारह	एयारहमउ
१२ बारह	

५. क्रियापद

क्रियाओं में परस्मैपद आत्मनेपद व भ्वादि अदादि का कोई भेद नहीं रहा। द्विवचन बहुवचन में गर्भित हो गया है।

वर्तमानकाल

	एकवचन प्रत्यय	एकवचन उदाहरण	बहुवचन प्रत्यय	बहुवचन उदाहरण
उत्तम पु.	मि, उं	अच्छमि, करउं.	...	...
मध्यम पु.	हि, सि	अच्छहि, करहि, जाहि, होसि.	...	...
अन्य पु.	इ	होइ, पिउइ, धाइ, करइ, वंदइ, पालइ, पियइ, हुणइ.	अंति, अइं	अंति, विचरंति, हुंति, हवंति लिंति, भणंति. इच्छअइं.

सावयधम्मदोहा

ॐ

णमक्कारेप्पिणु पंचगुरु दूरिदलियदुहकम्मु ।
संखेवें पयडक्खरहिं अक्खमि सावयधम्मु ॥ १ ॥

दुज्जणु सुहियउ होउ जगि सुयणु पयासिउ जेण ।
अमिउ विसें वासरु तमिण जिम मरगउ कच्चेण ॥ २ ॥

जिह सामिलेहिं सायरगयहिं दुलहउं जूयहुं रंधु ।
तिह जीवहं भवजलगयहं मणुयत्तणि संबंधु ॥ ३ ॥

गुरु सारउ मणुयत्तणहं तं गुरु धम्मायत्तु ।
धम्मु वि रे जिय तं करहि जं अरहंतहं वुत्तु ॥ ४ ॥

अरहंतु वि दोसहिं रहिउ जसु पुणु केवलणाणु ।
णाणेंमुणियतिकालपयइं वयणु वि तासु पमाणु ॥ ५ ॥

---

१ द. अविकाय. २ क. अमइं; ज. द. समहिं. ३ द. मरगय. ४ ज. जइ. ५ क. ज. द. सलिला. ६ ब. सायर ७ ज. दुलहउ. ८ क. जूयइ; द. जूयहिं. ९ ज. तह १० ज. ॰गयहिं. ११ क. मणुयत्तणु १२ ब. द. करहि. १३ ज. वहि १४ ब. द. अरहंतें. १५ ब. द. णाणु वि. १६ ब. ज. णाणु १७ क. द. तस्स.

६. (गुरु) यह जिनवर का वचन गुरु के उपदेश से प्रकट होता है। अंधकार में बिना दीपक के क्या कोई कुछ पहिचान सकता है?

७. (गुरु के गुण) जिस सूरि में संयम, शील, शौच और तप है वही गुरु है। दाह, छेद और कश-घात के योग्य ही उत्तम कंचन होता है।

८. (गुरूपदेश) गुरु के उपदिष्ट मार्ग से नर शिवपुर को जाते हैं। उसके बिना वे व्याघ्र, वनचर और चोरों के पिंड में पड़ जाते हैं।

९. (श्रावक धर्म) यह श्रावक धर्म, हे जीव, ग्यारह प्रकारका कहा गया है। शास्त्रानुसार उसका परिपालन करने वालों का मनुष्य-जन्म सफल है।

१०. (दर्शन) जिसके पंच उदुम्बर से निवृत्ति है, व्यसन एक भी नहीं है तथा जिसकी मति सम्यक्त्व द्वारा सुविशुद्ध है, वह प्रथम श्रावक है।

११. (व्रत) जो पांच अणुव्रतों को धारण करता है और जिस के तीन निर्मल गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत हैं उसे मनमें दूसरा [श्रावक] मानो।

१२. (सामायिक) जो पूर्वाचार्यों के क्रमानुसार बत्तीस दोषों से रहित होकर तीनों संध्याओं में जिनेंद्र की वन्दना करता है वह नियम से तीसरा [श्रावक] है।

तं पायडु जिणवरवयणु गुरुउवएसें होइ ।
अंधारइं विणु दीवडेंइं अहव कि पिछइ कोइ ॥ ६ ॥

संजमु सीलु सउच्चु तउ जसु सूरिहि गुरु सोइ ।
दाहछेयकसघायखमु उत्तमु कंचणु होइ ॥ ७ ॥

भग्गइं गुरुउवएसियइं णर मिच्छट्टणि जंति ।
तें विणु वग्घहं वणयरहं चोरहं पिडि णिवडंति ॥ ८ ॥

एयारहविहु तं कहिउ रे जिय सावयधम्मु ।
सत्तिए परिपालंतयहं सहलउ मणुसजम्मु ॥ ९ ॥

पंचुंबरहं णिवित्ति जसु पेसुणु ण एक्कु वि होइ ।
सम्मत्तें सुविसुद्धमइं पढमउ सावउ सोइ ॥ १० ॥

पंचाणुव्वय जो धरइ णिम्मल गुणवय तिण्णि ।
सिक्खावयइं चयारि जसु सो बीयउ भणि भण्णि ॥ ११ ॥

पडिमइं दोसहं रहिउ पुव्वाइरियकमेण ।
जिणु वंदइ संझइ तिहि वि सो तिज्जउ णियमेणं ॥ १२ ॥

---

१ अ ब द उवएसें. २ द दीवएण. ३ अ द रि. ४ ब द चोर. ५ अ पढ्डइ णासइ मणुसगुण ६ अ विण ७ अ ब आराहणिज्ज. ८ अ °म्मु ९. द धम्म गुण १० द सिक्खमणि

६. यह जिनवर का वचन गुरु के उपदेश से प्रकट होता है। अंधकार में बिना दीपक के क्या कोई कुछ पहिचान सकता है?

गुरु

७. जिस सूरि में संयम, शील, शौच और तप है वही गुरु है। दाह, छेद और कस-घात के योग्य ही उत्तम कंचन होता है।

गुरु के गुण

८. गुरु के उपदिष्ट मार्ग से नर शिवपुर को जाते हैं। उसके बिना वे व्याघ्र, वनचर और चोरों के पिंड में पड़ जाते हैं।

गुरूपदेश

९. यह श्रावक धर्म, हे जीव, ग्यारह प्रकारका कहा गया है। शास्त्रानुसार उसका परिपालन करने वालों का मनुष्य-जन्म सफल है।

श्रावक धर्म

१०. जिसके पंच उदुम्बर से निवृत्ति है, व्यसन एक भी नहीं है तथा जिसकी मति सम्यक्त्व द्वारा सुविशुद्ध है वह प्रथम श्रावक है।

दर्शन

११. जो पांच अणुव्रतों को धारण करता है और जिस के तीन निर्मल गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत हैं उसे मनमें दूसरा [श्रावक] मानो।

व्रत

१२. जो पूर्वाचार्यों के क्रमानुसार बत्तीस दोषों से रहित होकर तीनों संध्याओं में जिनेंद्र की वन्दना करता है वह नियम से तीसरा [श्रावक] है।

सामायिक

तं पायडु रि
अंधारई विए
संजमु सीलु
दाइछेयकस
मग्गई गुरू
तं विणु पा
एयारहविहु
गलिए परि
पंचुंबरई वि
गंम्मनें गुरा
पंचाणुव्वय
सिक्खावय
पडउगई दं
जिणु वंदइ

१ (
४ अ. द. थां
७ अ. क. अं
१० ई. जिनय

उत्तमउत्तमिजलमिहिं जो पालइ उववासु ।
सो चउत्थु सावउ भणिउ दुक्खियकम्मविणासु ॥ १३ ॥

पंचमु जमु कचामगइं हरियइं णाहि पविचि ।
मणवयकायहिं छट्ठयहं दिवसहिं णारिणिवित्ति ॥ १४ ॥

बंभयारि सत्तमु भणिउ अट्ठमु चत्तारंभु ।
मुक्कारिंगहु जाणि जिय णवमउ वज्जियदंभु ॥ १५ ॥

अणुमइ देइ णं पुच्छियउ दसमउ जिणउत्तरइ ।
एयारहमउ तं दुविहु णं वि भुंजइ उद्दिट्ठु ॥ १६ ॥

एयहत्थु पहिलउं विदिउ कचकोवीणपरीवि ।
कत्तरिलोयणिहियचिहुर सई पुणु भोजणविधि ॥ १७ ॥

ए ठाणइं एयारसइं सम्मत्तें मुक्काइं ।
हुंति ण पउमइं सरवरहं विणु पाणिय मुक्काइं ॥ १८ ॥

अत्तागमतच्चाइयहं जं णिम्मलु सद्धाणु ।
संकाइयदोसहं रहिउ तं सम्मत्तु वियाणु ॥ १९ ॥

१ अ. द. °ढंभु. २ अ. पु. ३ द. णउ. ४ द. पहर.
५ अ. द. एयारहं रि. ६ क. द. प. णिम्मलु सद्दाणु

संकाइय अट्ठ मय परिहरि मूढा तिण्णि ।
जे छह कहिय अणायतण दंसणमल अवगण्णि ॥ २०

सुणि दंसणुं जिय जेण विणु सावयगुणु ण हुं होइ ।
जह सामग्गिविवज्जियहं सिज्झइ कज्जु ण कोइ ॥ २१ ॥

मज्जु मंसु महु परिहरहि करि पंचुंवर दूरि ।
आयंहं अंतरि अट्ठंहं मि तस उप्पज्जंइं भूरि ॥ २२ ॥

महु आसायउं थोडंउ वि णासइ पुण्णु बहुत्तु ।
वइसाणरहं तिडिक्केडउ काणणु डहइ महंतु ॥ २३ ॥

अंण्णुवइट्ठइं मण्णियइं महु परिहरियउ होइ ।
जं कीरइ तं कारियइ एहु अहाणउ लोइ ॥ २४ ॥

सैव्वइं कुसुमेंइं छंडियइं केरि पंचुंवरचाउ ।
हुंति विमुक्कइं मंडणइं जइ मुक्कउ अणुराउ ॥ २५ ॥

---

१ अ. क. प. परिहर. २ ज. दंसणि; अ. क. द. दंस
३ अ. क. वि. ४ द. आयहिं. ५ अ. क. अट्ठमि हि. ६ अ.
द. उप्पज्जहिं. ७ अ. क. आसाइइ. ८ अ. क. थोवड वि. ९
द. तिडिकाउ वि. १० अ. द. अणु उवइट्ठइं; प. अणउवइ
११ अ. क. ज. द. सगाइं. १२ द. कुसुमिय. १३ अ. क. ज.
पंचुवरपरिचाउ.

२०. दोष, मद, मूढ़ता और अनायतन — शंकादिक आठ (दोष), आठ मद और तीन मूढ़ता का परिहार करो। जो छह अनायतन कहे गये हैं उन्हें (सम्यग) दर्शन के मैल जानो।

२१. सम्यग्दर्शन — हे जीव, (सम्यग) दर्शन को सुनो जिसके बिना श्रावक का गुण नहीं होता। जैसे सामग्री से विपजित मनुष्य का कोई भी कार्य नहीं सधता।

२२. अष्टमूलगुण — मद्य, मांस, मधु का परिहार करो, पंच उदुम्बर दूर करो। इन आठों के अन्दर बहुत त्रस (जीव) उत्पन्न होते हैं।

२३. मधु — मधु थोड़ासा भी खाया हुआ बहुतसे पुण्य का नाश कर देता है। अग्नि का छोटासा तिनिका भी बड़े भारी वन को दहा देता है।

२४. मधुत्याग — दूसरों को उपदेश देने व स्वयं मानने से मधु का परिहार होता है। जैसा (स्वयं) करता वही (दूसरों से) कराता है यह कहाना लोक में है

२५. उदुम्बर त्याग — सब फलों को छोड़कर पंच उदुम्बर का त्याग क यदि अनुराग छूट गया तो अलंकार छूट जाते हैं।

अट्ठइं पालइ मूलगुण पियइ जिं गालिउ णीरु ।
अह चित्तें सुविसुद्धइण मुचइ सव्वु सरीरु ॥ २६

जेण अगालिउ जलु पियउ जाणिज्जइ ण पमाणु ।
जो पुणं पियइ अगालियउ सो धीवरहं पहाणु ॥

आमिससरिसउ भासियउ सो अंधउ जो खाइ ।
दोहि मुहुत्तहं उप्परहिं लोणिउ सम्मुच्छाइ ॥ २

संगें मज्जामिसरयहं मइलिज्जइ सम्मत्तु ।
अंजणगिरिसंगें ससिहिं किरणइं काला हुंति ॥

अच्छउ भोयणु ताहं घरि सिद्धहं वयणु ण जुत्तु ।
ताहं समउ जें कारणइं मइलिज्जइ सम्मत्तु ॥ ३०

तामच्छउ वंढमंडयहं पक्कासणलित्ताहं ।
हुंति ण जुग्गइं सावयहं वहं भोयणु पत्ताहं ॥

चम्मच्छइं पीयइ जलइं तामच्छउ दूरेण ।
दंसणसुद्धि ण होइ तसु खद्धइ घियतिल्लेण ॥ ३२

रुहिरामिसचम्मट्ठिसुर पच्चक्खउं बहुजंतु ।
अंतराय पालेउं भविय दंसणसुद्धिणिमित्तु ॥ ३३

---

१ अ. अट्ठउ. २ ज. द जु. ३ क. द. सव्व
द. सं. ५ क. मयलिज्जइ. ६ ज तहं तंडयहं. अ
भंडयहं. ७ अ. क. होंति. ८ ज. द. पक्कलित्तउ. ९ ज
१० क. ॰मइंतु.

२६. चित्तशुद्धि — आठों मूलगुणों का पालन करे और गाला (छाना) हुआ जल पिये। चित्त के विशुद्ध होने से सब शरीर शुद्ध हो जाता है।

२७. बिना छना पानी — जिसने बिना छना पीना पिया उसने प्रमाण नहीं जाना। जो बिना छना पीता है वह धीवरों में प्रधान है।

२८. मक्खन — दो मुहूर्त के ऊपर लोनी (मक्खन) में सम्मूर्छन जीव उत्पन्न हो जाते हैं। (इसलिये) वह मांस सदृश कहा गया है। वह अंधा है जो खाय।

२९. मद्यमांसभोजीका संग — मद्यमांस में रत रहने वालों के संग से सम्यक्त्व मैला हो जाता है। अंजनगिरि के संग से चन्द्र की किरणें भी काली हो जाती हैं।

३०. मद्यमांसभोजियों का परिहार — उनके घर में भोजन करना तो रहा दूर लोगों को उनसे बात भी नहीं करना चाहिये, क्योंकि उनके संग से सम्यक्त्व मैला हो जाता है।

३१. पक्व भोजन करने वाले तप से मंडित (मुनि) तो दूर रहे उनका भोजन पात्र श्रावकों के भी योग्य नहीं है।

३२. चर्माच्छादित जल, घृत, तैल — जो चर्माच्छादित जल पीता है उसकी तो दूसरी बात है, दर्शन शुद्धि तो उसके भी नहीं होती जो (घी से) घी-तेल सहित खाता है।

३३. अंतराय योग्य वस्तुएं — रुधिर, मांस, चर्म, अस्थि और मुरा ये प्रत्यक्ष में ही बहुत जंतुपूर्ण हैं। हे भव्य दर्शनशुद्धि के [illegible] इनका अन्तराय पालो।

मूल उंबरी-भिंग-मडुण-गुंदह-कन्द कलिंगु ।
थाण फुल्लन्धाणयहि मउ गमिं दंसणभंगु ॥ ३४ ॥

अण्णु वि गुलल्लिउ फुल्लियउ तायहुं चालियउ जं वि ।
दोदिणवासियउ दहिमहिउ ण हु भुंजिज्जइ तं वि ॥ ३५ ॥

वेदलमीसिउ दहिमहिउ गुणु ण सावय होइ ।
तहइं दंसणभंगु पर सम्मतु वि मइलेइ ॥ ३६ ॥

तंबोलोसहु जलु मुइवि जें अत्थमियइं सूरि ।
भोग्गासणु फलु अहिलसिउं तें किउ दंसणु दूरि ॥ ३७ ॥

जूएं धणहु ण हाणि पर वयइं मि होइ विणासु ।
लग्गउ कट्ठु ण डहइ पर इयरहं डहइ हुयासु ॥ ३८ ॥

जइ देसवउ छड्डियउं ता जिय छड्डिउ जूउं
अह अग्गिहिं उल्हावियइं अवसें ण उट्ठइ धूउ ॥ ३९ ॥

दय जि मूलु धम्मंघिवहु सो उप्पाडिउ जेण ।
दलफलकुसुमहं कवण कह आमिसु भक्खिउ तेण ॥ ४० ॥

---

१ अ. क विस. २ क भक्खु ण ३ ज. दंसणि. ४ अ. ज. द. अणु. ५ ज. द सुलल्लिउ. ६ अ. क. सायहं. ७ द. दिणि. ८ ज. द. जो. ९ अ भुंगासणु; क. द. पुग्गासणफलु. १० ज. द. अहिलसइ. ११ अ जूयें. १२ अ क जइ छंडिउ वउ देसियउ. १३ क. ता छंडिउ तुहुं जूउ. १४ अ. क. अवसि.

३४. मूली, उनाली (?), बिम (कमलतन्तु), लहसुन, तुंबा, करट, कालिंग, सूरण व फूलस्थानों के भक्षण से दर्शन भङ्ग होता है।
मूली आदि अभक्ष्य

३५. अन्य भी जिसमें जड़ें निकल आई हों, व फूल आगये हों व जो स्वाद से चलित होगया हो, व दो दिन का बासा दही मही भी नहीं खाना चाहिये।
अन्य अभक्ष्य

३६. द्विदलमिश्रित दही मही श्रावकों के योग्य नहीं होता। इसके खाने से दर्शन का भङ्ग और सम्यक्त्व मैला होता है।
द्विदल

३७. ताम्बूल, औषध और जल को छोड़कर, सूर्यास्त के पश्चात् जिसने भोजन या फलाहार की अभिलाषा की उसने दर्शन को दूर कर दिया।
रात्रिभोजन

३८. जुआ से धन ही की हानि नहीं होती पर मनों का भी विनाश होता है। अग्नि केवल जिस काठ में लगे उसे ही नहीं जलाती किन्तु दूसरों को भी जला देती है।
द्यूत

३९. यदि वेश्या तक छोड़ दिया तो, हे जीव, द्यूत सचमुच छूटा। अग्नि के जलने शान्त कर देने पर अवश्य धुंआ नहीं उठता।
द्यूतत्याग

४०. दया ही धर्मवृक्ष का मूल है। इसे जिसने उखाड़ डाला उसने मूल, फल, कुसुम की कौन कथा, मांस भक्षण कर लिया।
दया

४१. मांसत्याग — मृगमांस यदि छोड़ दिया तो, हे जीव, मांस छोड़ा। जैसे अपथ्य के निवारण से व्याधिप्रवेश का निवारण हो जाता है।

४२. मद्यदोष — बार बार लिख लिख कर इस सूत्र को सुनो। मद्य का यह दोष है कि मत्त (पुरुष) अपनी बहिन की भी अभिलाषा करने लगता है इससे उसका नरक में प्रवेश होता है।

४३. मद्यत्याग — मद के छोड़ देने से मद्य भी छूट जाता है और वेश्या भी छूट जाती है, जिस प्रकार कि व्याधि के निवारण हो जाने से एक भी वेदना नहीं रहती।

४४. वेश्यादोष — धनिकों का धन वेश्या में लगता है। बंधु मित्र सब छूट जाते हैं। वेश्या के घर प्रवेश करने वाला नर सब गुणों से मुक्त हो जाता है।

४५. वेश्यात्याग — कामकथा के परित्याग से, हे जीव, दारिका (वेश्या) का भी परित्याग हो जाता है। कंद के उपाट देने पर वेला के पत्र समाप्त हो जाते हैं (स्वयं सूख जाते हैं)।

४६. आखेटदोष — शिकारी बड़ा निर्दयी है जो भय से भागे हुए, जीभ में तृण दबाये हुए (मृगों) का वध करता है। इससे वह नरक को जाता है।

४७. आखेटत्याग — यदि शिकार खेलना छोड़ दिया तो कुत्ता बिल्ली आदि भी छूट गये। बीज में पानी , रोक कर देने से अंकुरलब्धि का अवरोध है।

चोरी चोर हणेइ पर बहुयकिलेसहं खाणि ।
देइ अणत्थु कुडुंबहं मि गोत्तहुं जसधणहाणि ॥ ४८ ॥

मुक्कहं कूडतुलाइयहं चोरी मुक्की होइ ।
अह व वणिज्जइं छंडियइं[3] दाणु ण मग्गइ कोइ ॥ ४९ ॥

परतिय बहुबधण ण परं अण्णु वि णरयणिसेणि ।
विसकंदलि घारइ णं पर करइ वि पाणहं हाणि ॥ ५० ॥

जइ अहिलासु णिवारियउ ता वारिउ परयारु ।
अह णाइकें जित्तएणं जितउ सयलु खंधारु ॥ ५१ ॥

वसणइं तावइं छंडि जिय परिहरि[9] वसणासत्तें ।
सुक्कहं संसग्गें हरिय पेक्खह तरु डज्झंतें ॥ ५२ ॥

मूलगुणा इय एलहइ[13] हियवइ थक्कइं जासु ।
धम्मु अहिंसा देउ जिणु रिसि गुरु दंसणुं तासु ॥ ५३ ॥

---

१ अ. द. कुडंबह. २ अ. क. गोत्तिहु. ३ क छंडियइं. ४ 'बहुबंधणणयर' भी पाठ हो सकता है । ५ क. णिरय°. ६ ज. णि ७ अ. क. इयौं तायहं जिसियहं. ८ ज. द. ताव छंडउ जिय. ९ अ. परिहर. १० अ. क. प. वसणासत्ति. ११ अ. क. सुक्कइं. १२ क. द. डज्झंति. १३ अ. द. इलहउ, क. उलहउ. १४ क. थक्कउ. १५ द. दंसण.

इक्कु वि तारइ भवजलहि देहु दायारु सुपत्तु ।
सुपरोहणु एक्कु वि वहुय दीसइ पारहु णिंतु ॥ ८५ ॥

दाणु कुपत्तहं दोसडइ बोल्लिज्जइ ण हु भंति ।
पत्थरु पत्थरणाव कहिं दीसइ उत्तारंति ॥ ८६ ॥

जइ गिहत्थु दाणेण विणु जगि पमणिज्जइ कोइ ।
ता गिहत्थु पंखि वि हवइ जें घरु ताह वि होइ ॥ ८७ ॥

धम्मु करेउं जइ होइ धणु इहु दुव्वयणु म बोल्लि ।
हक्कारउ जमभडतणउ आवइ अज्जु कि कल्लि ॥ ८८ ॥

काइं बहुत्तइं संपयें जइ किविणहं घरि होइ ।
उवहिणीरु खारें भरिउ पाणिउ पियइ ण कोइ ॥ ८९ ॥

पत्तहं दिण्णउ थोवडेउ रे जिय होइ बहुत्तु ।
वडह बीउ धरणिहिं पडिउ वित्थरु लेइ महंतु ॥ ९० ॥

धम्मसरूवें परिणवइ थाउ वि पत्तहं दिण्णु ।
साइजलु सिप्पिहिं गयउ मुत्तिउ होइ रवण्णु ॥ ९१ ॥

---

१ द. तारइ तीर. २ क. में यह दोहा नहीं है. ३ अ. ज. द हवहि. ४ अ. क. करहुं. ५ अ. क. संपयइं. ६ ज. द. आ, ७ ज. द. सायरणीरु खारें भरिए. ८ अ. पियइ ९ अ. द. थोअडउ. १० ज. द. वित्थरिय. ११ अ. क. रवण्णइं.

८५. एक ही सुपात्र अनेक दातारों को भवसमुद्र से पार देता है। अच्छी एक ही नौका बहुतों को पार लगाती देखी जाती है।

सुपात्रदान की महिमा

८६. कुपात्र का दान दोष पूर्ण कहा गया है इसमें भ्रान्ति नहीं। पत्थर की नाव पत्थर को पार उतारती कहाँ देखी गई है?

कुपात्रदान का दोष

८७. यदि दान के बिना भी जगत् में कोई गृहस्थ कहलाये तो पक्षी भी गृहस्थ होगया क्योंकि घर तो उसके भी होता है।

दान के बिना गृहस्थ नहीं

८८. 'यदि धन होजाय तो धर्म करूं' ऐसे दुर्वचन मत बोल। यमदूत का हल्कारा आज आजाय कि कल।

मौत का अनिश्चय

८९. बहुत सम्पत्ति से भी क्या यदि वह कृपण के घर हुई। समुद्र का जल खार से भरा है। उसका पानी तक कोई नहीं पीता।

कृपण की सम्पति

९०. हे जीव, पात्र को दिया हुआ थोड़ा भी बहुत होता है। वट का बीज भूमि में पड़कर भारी विस्तार ले लेता है।

पात्रदान थोड़ा भी बहुत है

९१. पात्रको दिया हुआ दान धर्म स्वरूप परिणमित होता है। स्वातिजल सीप में पड़कर रमणीय मोती बन जाता है।

जं दिज्जइ तं पावियइ एंउ ण वयणु विसुद्धु ।
गाइ पंइण्णइ खडभुसइं किं ण पयच्छइ दुद्धु ॥ ९२ ॥

जो घरि हुंतइं धणकणइं मुणिहि कुभोयणु देइ ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ पुट्ठि ण तहु छंडेइ ॥ ९३ ॥

कहिं भोयण सहुं मिट्टडी दिण्णु कुभोयणु जेण ।
हुंतइं धीयइं घरि पउर वविय बयूलइं तेण ॥ ९४ ॥

जं जिय दिज्जइ इत्थुभवि तं लब्भइ परलोइ ।
मूलें सिंचइ तरुवरहं फलु डालेंहं पुणु होइ ॥ ९५ ॥

पत्तइं दाणइं दिण्णइण मिच्छादिट्ठि वि जंति ।
उत्तमाइं भोयावणिहिं इच्छिउं भोउ लहंति ॥ ९६ ॥

कम्मुं ण खेत्तिय सेव जहिं णउ वाणिज्जपयासु ।
घरि घरि दस कप्पयर जहिं ते पूरेंहिं अहिलासु ॥ ९७ ॥

किं किं देइ ण धम्मतरु दाणसलिलसिंचंतु ।
जइ मिच्छत्तहुयासणहु रक्खिज्जइ डज्झंतु ॥ ९८ ॥

---

१ अ. क. पइउ वयणु विरुद्धु. २ ज. पयणइं. ३ ज. द. सिहु. ४ अ. क. भेटडी. ५ क. डालहु ६ क. दिण्णइं दाणइण. ७ ज. °हिं. ८ अ. क भोयपाणि वि. ९ क. इच्छिय भोय. १० अ. क. कम्म. ११ क पूरइं; ज. पूरिहिं.

धम्मु करंतहं होइ धणु इत्थु ण कायउं भंति ।
जलु कईंतहं कूवयहं अवसइं सिरउ घंडंति ॥ ९९ ॥

धम्महु धणु पॅरिहोइ थिरु विग्पइं विहडिवि जंति ।
अह सरवरु अविणेंइं रहिउ फुट्टिवि जाइ तडत्ति ॥ १०० ॥

धर्म्मे सुहु पावेण दुहु एउं पसिद्धउ लोइ ।
तह्मा धर्म्मुं समायरहि जें हियईंछिउ होइ ॥ १०१ ॥
धर्म्मे जाणँहिं जंति णर पावें जाण वहंति ।
धरयर गेहोवरि चर्डहिं कूवखणये तलि जंति ॥ १०२ ॥

धर्म्मे इक्कु वि बहु भरइ सइं सुक्खियउ अहम्मु ।
वड बहुयेंहं छाया करइ तालु सहइ सइं घर्म्मु ॥ १०३ ॥
काइं बहुत्तइं जंपियइं जं अप्पहु पडिकूलु ।
काइं मि परहु ण तं करहि एहु जि धम्महु मूलु ॥ १०४ ॥

सत्यसएणें वियाणियहं धम्मु ण चढेइं मणे वि ।
दिणयरसउ जइ उग्गमेंइं घूयेंडु अंधउ तो वि ॥ १०५ ॥

---

१ अ. क. काइं म भंति; द काइं मणंति. २ ज. घहंति; द. घडुंति. ३ अ. क. परहोइ. ४ अ. अविणय. ५ अ. क. एहु. ६ क. धम्म समायरह जिह हियइच्छिय. ७ अ. क. द जाणहं; ८ द. ण. हुंति. ९ क. खणे. १० अ. क. द. बहुयइं. ११ ज. घुम्मु; १२ ज. °सपर्हि. १३ द. चडइ. १४ अ. उग्गमहि. १५ अ. क. घूयउ.

९९. धर्म करने वालों के धन होगा है इसमें भ्रान्ति न करना चाहिये। कूप से जल काढ़ने वालों के सिर पर अवश्य घड़ा होता है।
…से धन प्राप्ति

१००. धर्म से धन स्थिर होता है और विघ्न विघट जाते हैं। पाप से रहित सरोवर रज से पूर्ण जाता है।
धर्म से धन की स्थिरता

१०१. 'धर्म से सुख, पाप से दुख' यह लोक में प्रसिद्ध है। इसलिये धर्म कर जिससे मनोवाञ्छित प्राप्त हो।
धर्म से सुख

१०२. धर्म से नर पालकी द्वारा जाते हैं और पाप से पालकी का वहन करते हैं। घर बनाने वाले घरके ऊपर चढ़ते हैं और कुआ खोदने वाले नीचे को जाते हैं।
…र्म का सुफल, …प का दुष्फल

१०३. धर्म से एक ही बहुतों का भरण पोषण करता है और अधर्मी स्वयं भूखा रहता है। वट बहुतों पर छाया करता है और ताल स्वयं घाम सहता है।
…र्म की शक्ति

१०४. बहुत कहने से क्या, जो अपने प्रतिकूल हो उसे कभी दूसरों के प्रति भी मत करो। यही धर्म का मूल है।
धर्म का मूल

१०५. सौ शास्त्रों को जान लेने से भी विपरीत ज्ञान वाले के मन पर धर्म नहीं चढ़ता। यदि सौ सूर्य भी उग आवें तो भी घुग्घू अंधा ही रहेगा।
…विपरीत ज्ञानी

पोट्टहं लग्गिवि पानगइ करइ पयत्तहं दुक्खु ।
देउलं लग्गियं गिल्लियइं किण्ण पत्तोट्टइं मुक्खु ॥ १०६ ॥

छुइ सुविसुद्धिय होइ जिय तणुमणवयसामग्गि ।
धम्मु विढप्पइ इंत्तियइं धणहं विलग्गउ अग्गि ॥ १०७ ॥

मुणि वयणइं झांयहि मणइं जिणु भुवणत्तयबंधु ।
कायंइं करि उववासु जिय जें खुट्टइ भवसिंधु ॥ १०८ ॥

होइ वणिज्ञु ण पोट्टलिहिं उववासहि णउ धम्मु ।
एहु अंहाणउ सो चवइ जसु कउ भागिउ कम्मु ॥ १०९ ॥

पोट्टलियइं मणिमोत्तियइं धणु कित्तियहि ण माइ ।
बोरिहिं भरिउ बलद्दडा तं णाही जं खाइ ॥ ११० ॥

उववासहु इक्कहु फलइं संबोहियपरिवारु ।
णायदत्तु दिवि देउ हुउ पुणरवि णायकुमारु ॥ १११ ॥

तें कज्जें जिय पैंइं भणिउ करि उववासब्भासु ।
जाम ण देहकुडिल्लियइं ढुक्कइ मरणहुयासु ॥ ११२ ॥

---

१ अ. देउलि. २ ज. लग्गायि. ३ ज. फीलियहिं ४ प परट्टइ. ५ अ. क. ज सुविसुद्धइ. ६ द. °वयणे समग्गि. ७ अ क. तित्तियइं. ८ ज. द. वयणि. ९ क. झाइय मणइ. १० अ कायइं. ११ ज. पोट्टिलिहिं. १२ ज. अयाणउ. १३ अ. कित्तयहिं १४ अ. क. बोरिय. १५ ज. पइं. १६ ज. उववासु सपासु.

पेट के लिये पाप

१०६. पेट के लिये भी पापमति दूसरों को दुःख पहुंचाता है। देवल में लगी हुई गीलियों को मूर्ख क्यों नहीं पलोटता?

मन-वचन-काय की शुद्धि

१०७. यदि, हे जीव, तन, मन और वचन की सामग्री विशुद्ध होय तो इतने से ही धर्म बढ़ता है। धन में आग लगने दे।

ध्यान, कीर्तन और उपवास

१०८. त्रिभुवन-बन्धु जिन भगवान् का वचनों से कीर्तन कर, मन से ध्यान कर, और काय से उपवास कर, जिससे, हे जीव, भवसिंधु छुटे।

उपवास की वाणिज्य से उपमा

१०९. वाणिज्य पोटली से नहीं होता। उपवास से धर्म नहीं होता। यह बहाना वह करता है जिसने भारी (दुष्) कर्म किया है।

११०. मणि और मोतियों की पोटली में धन कितना है इसका मान नहीं रहता। बैल और बेरों का तो कोई खाने वाला भी नहीं है।

उपवास-फल का उदाहरण

१११. एक ही उपवास के फल से परिवार का संशोधन करके नागदत्त स्वर्ग में देव हुआ और फिर नागकुमार।

उपवास का अभ्यास

